**Regarding inclusion of Kudmi Tribe in the list of Scheduled Tribes-Laid**

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी **(**गिरिडीह**) :** अखण्ड भारत के पहला Census में ही कुड़मियों को Jhari Tribes or Wood Tribes चिन्हित किया गया था | इस Census के बाद ही वृहत् छोटा नागपुर Schedule District घोषित कर Schedule District Act 1874 पारित किया गया था, जो 25 November 1949 तक लागू था । इस वृहत् छोटा नागपुर में कुड़मी जनजाति की आबादी सभी जनजाति से अधिक था । Bihar-Orissa Province बनने के पूर्व ही Chhotanagpur Tenancy Act 1908 पारित किया गया जिसमें कुड़मी को Aboriginal Raiyat (आदिवासी रैयत) कहा गया था । 1911 के Census में कुड़मी को Aboriginal (आदिवासी) लिखा गया और 1913 में कुड़मी Aboriginal Tribe होने के कारण अन्य बारह जनजाति (Aboriginal Tribes) के साथ इन्हें भी Indian Succession Act 1865 से अलग रखा गया, क्योंकि इन सभी जनजाति का अपना-अपना Custom है और उसी से ये लोग गाइड होते हैं । Tribe लोगों का वही एकमात्र पहला और अंतिम Custom notification है । 1950 में जिस तरह से 1931 के Tribes को ही Scheduled Tribes बनाया है,परन्तु सभी Tribes को आजतक Scheduled Tribes नहीं बनाया है | माननीय जनजातीय कार्य मंत्री जी से बस यही उत्तर चाहिए कि किन कारणों से कुड़मी समुदाय को 1931 के tribes में शामिल होने के बावजूद 1950 में Scheduled Tribes नहीं बनाया गया ।

---

**12.07 hrs**